
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# कांग्रेस की सरकार बनते ही बनाया जाएगा डीडीहाट जिला

**आश्वासन**

## हरीश रावत के आश्वासन पर डीडीहाट को जिला मनाने की मांग को लेकर चल रहा अनशन खत्म

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। डीडीहाट जिला बनाने की मांग को लेकर विगत 56 दिनों से चल रहा आमरण अनशन कांग्रेसी नेता पूर्व सीएम हरीश रावत के आश्वासन पर समाप्त हो गया है। हरीश रावत ने आमरण अनशन पर बैठे दोनों अनशनकारियों को जूस पिला कर अनशन तुड़वाया । इस मौके पर उपस्थित भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि 2022 में कांग्रेस की सरकार बनाओ और डीडीहाट जिला मिलेगा।

बुधवार को अपने कार्यक्रम के तहत पूर्व सीएम हरीश रावत देवलथल में संविधान सम्मान यात्रा कार्यक्रम के बाद डीडीहाट पहुंचे। उनके डीडीहाट पहुंचने की सूचना पर भारी भीड़ जुट गई । हरीश रावत के डीडीहाट पहुंचने पर कांग्रेसियों सहित जनता ने उनका जोरदार स्वागत किया। रावत सबसे पहले



आमरण अनशन स्थल पर पहुंचे । जहां जिला बनाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे आंदोलनकारियों से बात की। उन्होंने कहा कि 2022 में कांग्रेस की सरकार बनते ही डीडीहाट जिला बनाया जाएगा। उनके इस आश्वासन पर जिला बनाओ संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया। हरीश रावत ने आमरण अनशन पर बैठे दीपक हर्ष और राजेंद्र बोरा को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया। बाद में रामलीला मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए हरीश रावत ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार से जनता का मोहभंग हो चुका है। जनता इस सरकार से निजात पाना चाह रही है। उन्होंने बीते दिनों भाजपा की शहीद सम्मान यात्रा को ढकोसला बताया । डीडीहाट विस क्षेत्र के परिप्रेक्ष्य में बोलते हुए कहा कि कांग्रेस इस क्षेत्र से विगत तीस वर्षों से संघर्ष क र रही है। भाजपा विगत 25 वर्षो से यहां पर प्रतिनिधित्व कर रही है। आज भी डीडीहाट में कांग्रेस द्वारा पूर्व में किए गए कार्यो के अलावा कुछ नजर नहीं आता है। उन्होंने जनता से अब कांग्रेस का वनवास समाप्त करने की अपील की।

सभा में बोलते हुए पूर्व विधायक मयूख महर ने कहा कि डीडीहाट की जनता ने अब तक बबूल बोया था जिसके चलते उसे आम खाने को नहीं मिल रहे थे।

## न्यूज डायरी

### डिग्री कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव कराने की अनुमति करें प्रदान

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी ने आज एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार से मांग की कि वह प्रदेश के समस्त डिग्री कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव कराने की अनुमति प्रदान कराएं। स्मरण रहे कि पिछले 2 वर्षों में छात्र संघ चुनाव कोरोना को देखते हुए नहीं हुए हैं लेकिन अब कोरोना कुछ कम हुआ है तो ऐसे में प्रशासन को चुनाव की अनुमति देनी चाहिए। वैसे भी छात्र संघ चुनाव छात्रों का नैतिक अधिकार है इसे बाधित नहीं करना चाहिए। डंडरियाल और वारसी ने उम्मीद ही नहीं विश्वास भी जताया कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन छात्रों के हितों को मध्य नजर रखते हुए कोविड–19 का पालन कराते हुए छात्र संघ चुनाव की अनुमति प्रदान करे ताकि छात्र संघ चुनाव हो सके।

### चुनाव की तैयारी में जुट जाएं युवा मोर्चा कार्यकर्त्ता

**संवाददाता** मंगलौर। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला हरिद्वार की कार्यसमिति की बैठक में युवा कार्यकर्त्ताओं में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जोश भरा गया। साथ ही घर–घर भाजपा अभियान को गति देने के लिए युवाओं को प्रेरित किया गया। बुधवार को मंगलौर के केवल कन्या पाठशाला इंटर कालेज में आयोजित बैठक में भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हरजीत सिंह ने कार्यकर्त्ताओं को आगामी चुनावों में जुट जाने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रोहन सहगल ने युवा मोर्चा के इतिहास और उसकी ओर से किए गए कार्यों की जानकारी दी। कार्यसमिति में संदीप गोयल, डा. नीरज पंत और हिमांशु चमोली ने भी विचार रखे।

### दून में 11वें सीजीडी बिडिंग राउंड के लिए रोड शो का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने 24 नवंबर 2021 को देहरादून में होटल एलपी विलास में 11वें सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) बिडिंग राउंड को बढ़ावा देने के लिए भारत में पहला रोड शो सफलतापूर्वक आयोजित किया। पीएनजीआरबी प्रतिस्पर्धी बाजारों को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और देश के ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से प्राकृतिक गैस वितरण में आर्थिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए नोडल एजेंसी है। देहरादून में यह रोड शो पीएनजीआरबी द्वारा भारत के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किए जा रहे रोड शो की एक श्रृंखला का हिस्सा है और इसमें वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, शिक्षाविदों, बैंकरों, तेल और गैस सेक्टर के उपभोक्ताओं और निवेशकों की भागीदारी देखी गई।

## छात्रसंघ चुनाव कराने को लेकर छात्र–छात्राओं ने खोला मोर्चा

**संवाददाता** अल्मोड़ा। कुलपति को हटाने, सेल्फ फाइनेंस व्यवस्था खत्म करने और छात्रसंघ चुनाव कराने को लेकर छात्र–छात्राओं ने मोर्चा खोला लिया है। छात्रों ने एसएसजे परिसर में तालाबंदी कर तोड़फोड़ कर दी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं होती तो कालेज को अनिश्चितकालीन बंद कर सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

बुधवार को सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण के परिसर में छात्र–छात्राओं ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने कुलपति को हटाने की मांग की। इसके बाद सेल्फ फाइनेंस के नाम पर हो रहे घोटाले की जांच करने की पुरजोर तरीके से मांग की। उन्होंने कहा कि सेल्फ फाइनेंस के नाम पर जो भी गड़बड़ियां हों, उसकी जांच कर दोषियों को सजा दी जाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि देश भर में चुनाव हो रहे है। लेकिन छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। छात्र हितों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

कालेज प्रशासन छात्रों की अभिव्यक्ति कुचलने का षडयंत्र करने में लगा है। जिसके खिलाफ छात्र सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हुए हैं। इन सवालों पर उचित जवाब ना मिल पाने से गुस्साए छात्र–छात्राओं ने अधिष्ठाता छात्र कलयाण परिसर सहित अन्य कक्षों में तोड़फोड़ कर दी। वहां रखी गई टेबल, कुद्दसयों को बाहर फेंक दिया। इसके अलावा सभी कक्षाओं को बंद कर दिया गया। जिससे पठन–पाठन का कार्य भी नहीं हो पाया।



### दून विवि के अध्यापकों एवं कर्मचारियों ने सीएम राहत कोष में दिया एक दिन का वेतन

**संवाददाता** देहरादून। कुमाऊं मंडल में आई आपदा के दृष्टिगत दून विश्वविद्यालय के अध्यापकों एवं कर्मचारियों ने अपने एक दिन के वेतन से मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु कुल 01 लाख 52 हजार 601 रुपए की धनराशि दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को यह चेक दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने सौंपा। मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु प्रदान की गई इस सहायता राशि के लिए मुख्यमंत्री ने दून विश्वविद्यालय के अध्यापकों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## न्यू एयरपोर्ट बनने से पंतनगर यूनिवर्सिटी के अस्तित्व को भी बचाया जाए

**न्यू ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट पंतनगर यूनिवर्सिटी की भूमि पर बनाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर हुई सुनवाई**

**संवाददाता** नैनीताल। हाई कोर्ट नैनीताल ने कुमाऊं क्षेत्र के लिए न्यू ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट पंतनगर यूनिवर्सिटी की भूमि पर बनाए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका में सुनवाई की। अदालत के आदेश पर बुधवार को सचिव विमानन नागरिक उड्डयन मंत्रालय भारत सरकार को आज कोर्ट में पेश होना था परन्तु कैबिनेट की मीटिंग होने के कारण वे कोर्ट में पेश नहीं हो सके, कोर्ट ने उन्हें आठ दिसंबर को वीसी के माध्यम से तलब किया है।

बुधवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आरएस चौहान व न्यायमूर्ति एनएस धानिक की खंडपीठ में पंतनगर निवासी केशव कुमार पासी की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें बताया कि न्यू ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को पंतनगर यूनिवर्सिटी के बीच में बनाया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित एयरपोर्ट को उत्तराखंड के लोगों की सुविधा को ध्यान में रखकर बनाया जाए, न्यू एयरपोर्ट बनने से पंतनगर यूनिवर्सिटी के अस्तित्व को बचाया जाए। यहां एयरपोर्ट बनने से उत्तराखंड क लोगों को पहुंचने में दिक्कतों का भी सामना करना पड़ेगा।

प्रस्तावित एयर पोर्ट को यूनिवर्सिटी के बीच में ना बनाकर नैनीताल व ऊधमसिंह नगर की तलहटी में सरकार की खाली पड़ी लगभग 76 हजार 800 सौ एकड़ बंजर जमीन में बनाया जाए। विश्वविधालय के आसपास शिड्कुल, स्टेट हाइवे 37, पुराना एयरपोर्ट, पांच नदियां व 6 नहरें है। अगर प्रस्तावित एयरपोर्ट बनता है तो विश्वविधालय का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा। पन्तनगर एयरपोर्ट अभिभाजित उत्तर प्रदेश ने अपनी सुविधाओं को लेकर 1957 में बनाया गया था। अब उत्तराखंड अलग हो चुका है इसलिए नए एयरपोर्ट को उत्तराखंड की सुविधाओ के अनुसार बनाया जाए।

सचिव नागरिक उड्डयन मंत्रालय भारत सरकार ने 16 मार्च 2020 को उधम सिंह नगर के बरहैनी में एयरपोर्ट के लिए प्रस्ताव माँगा गया था।

### दो महिलाओं को भालू ने किया घायल

**संवाददाता** पुरोला। मोरी ब्लाक के गोविन्द वन्य जीव विहार क्षेत्र के लिवाड़ी गांव की दो महिलाओ को भालू ने घायल कर दिया। घायल महिलाओ का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी में प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सको ने दोनो को देहरादून रेफर कर दिया है। लिवाड़ी गांव की विद्या देवी पत्नी कल्याण सिंह रावत व रेमसी देवी पत्नी ठाकुर सिंह गांव के नजदीक घास काटने गई थी जिन पर वहां घात लगाए भालू ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना शाम के समय करीब चार बजे की है। दोनो घायल महिलाओ को ग्रामीणो ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी पहुंचाया जहां चिकित्सको ने उनका प्राथमिक उपचार कर देहरादून रेफर कर दिया है। भाजपा युवा नेता सत्यवान रावत ने बताया कि इस घटना से लेकर गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होने बताया कि इस संबंध में गोविंद वन्य जीव विहार के अधिकारियो को अवगत करा दिया गया है उन्होने शीघ्र घायलो को मुआवजा देने का आश्वासन दिया है।